# जनवरी में होने वाली टाई ग्लोबल समिट में लॉन्च होगी राजस्थान एआई पॉलिसी

## मुख्यमंत्री ने की डिजिफेस्ट की घोषणा, निवेशकों को आमंत्रित किया

**जयपुर** | राजस्थान को तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के मकसद से 4 से 6 जनवरी तक सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 'राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट' आयोजित की जाएगी। इस दौरान 'राजस्थान एआई पॉलिसी' भी लॉन्च होगी, ताकि इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिजिफेस्ट की घोषणा करते हुए कहा कि यह समिट राजस्थान के स्टार्टअप और इनोवेटर्स को वैश्विक मंच प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि टाई ग्लोबल समिट के साथ डिजिफेस्ट का आयोजन इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप्स के लिए पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने दुनियाभर के उद्यमियों, निवेशकों और इनोवेटर्स को समिट में आमंत्रित किया है।



बता दें, पहली बार टाई ग्लोबल समिट जयपुर जैसे टियर-2 शहर में आयोजित हो रही है। इसमें 30 देशों से 200 से ज्यादा स्टार्टअप, 10 हजार उद्योगपति, 500 से ज्यादा निवेशक और 100 से अधिक वैश्विक वक्ता हिस्सा लेंगे। इस तीन दिवसीय आयोजन में स्टार्टअप्स को 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की फंडिंग मिलने की उम्मीद है। समिट में नई एआई पॉलिसी के साथ इनोवेशन को प्रोत्साहित करने वाली अन्य नीतियां और योजनाएं भी घोषित किए जाने की संभावना है। समिट के दौरान 170 स्टार्टअप इनोवेटिव आइडियाज प्रस्तुत करेंगे। देश के स्टार्टअप्स के लिए अलग से टीजीएस-100 प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट, टाई वुमन ग्लोबल सेमीफाइनल, टाई यू फाइनल, गेमिंग हैकाथॉन और फिल्म फेस्टिवल भी होगा।